तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 10 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 मसाहती ग्रामों के सर्वे अभियान की रफ्तार पर लगा ग्रहण



## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची से नाम काटने में बरतें सावधानी

**कोरबा।** राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने लोकसभा चुनाव अंतर्गत मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि अविहित अधिकारी और बीएलओ निर्धारित स्थान पर बैठे मतदाता सूची से किसी मतदाता का नाम हटाने के दौरान गाइडलाइन का पालन करते हुए विशेष सावधानी बरती जाए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को नए युवा मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने महाविद्यालयीन छात्रों को जागरूक करने तथा कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

### भू-अर्जन के प्रकरणों में विभागों को समय सीमा पर करने के दिए निर्देश

**कोरबा।** राजस्व अधिकारियों की बैठक के दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले में भू-अर्जन अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने जल संसाधन, सेतु, एडीबी, लोक निर्माण विभाग, सीएसईबी अंतर्गत भू-अर्जन संबंधी प्रकरणों की वस्तु स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि संबंधित विभाग राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर तीन दिवस के भीतर प्रकरणों के निराकरण की समय सीमा निर्धारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समय सीमा निर्धारण उपरांत सामाजिक समाघात, अवॉर्ड पारित की कार्यवाही के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने भू-अर्जन के प्रकरणों के निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाते हुए समस्या आने पर टीएल में इस पर चर्चा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव की जांच तथा समय सीमा निर्धारित कर टीम वर्क के साथ भू-अर्जन के प्रकरणों के निराकरण के निर्देश भी दिए।

### कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने मंगलवार को जनचौपाल में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनचौपाल में राशन कार्ड बनाने, पेंशन, उपचार हेतु आर्थिक सहायता, ट्राइसाइकिल, बिजली बिल सुधार, अतिक्रमण हटाने, वनाधिकार पत्र, नक्शा बटांकन, सीमांकन आदि आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया है कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। जनचौपाल में दूरस्थ क्षेत्रों से अपनी समस्या लेकर पहुंचने वाले अनेक आवेदकों से कलेक्टर ने कहा कि जिला मुख्यालय आने से पूर्व एक बार संबंधित क्षेत्र के जनपद सीईओ, तहसीलदार और एसडीएम को अपना आवेदन अवश्य दें। वहां कार्यवाही नहीं होने पर कलेक्टर जनचौपाल में आएं, ताकि आवागमन में व्यर्थ पैसे बर्बाद न करना पड़े। कलेक्टर ने एसडीएम जनपद सीईओ और तहसीलदारों को भी निर्देशित किया है कि वे अपनी समस्या लेकर आने वाले लोगों का आवेदन लें और उन्हें पावती देकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### अवैध उत्खनन व परिवहन पर विभाग ने की कार्यवाही

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लगे गाड़ियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा 8 व 9 जनवरी को सीतामणी, तुमान क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन में लगे 3 ट्रैक्टर व मिट्टी ईंट के 1 ट्रेक्टर की जप्ती कर खनिज अधिनियमों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# अब ग्राम पंचायतों की दीवारों में लिखा होगा कलेक्टर से मिलने का दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के दूर दराज के ग्रामीणों को अब अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए अब ग्राम पंचायतों में ही जानकारी मिल जाएगी। कलेक्टर सप्ताह के किन दो दिनों में मिलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। यह ग्राम पंचायत भवन की दीवारों में लिखा होगा।

अब तक कलेक्टर से मिलने का समय आम ग्रामीणों के लिए जन चौपाल का दिन ही रहा करता था। जब ग्रामीण और आम शहरवासी अपनी जन समस्याओं को लेकर साहब से मिलने पहुंचा करते थे। यही सुविधा उनको सप्ताह में एक दिन मिला करती थी। नव पदस्थ कलेक्टर अजीत वसंत ने अपनी पदस्थापना के बाद से ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर गंभीरता दिखाई और उन्होंने एक नई पहल की शुरूआत की। कलेक्टर के इस पहल में अब ग्रामीणों को उनके ग्राम पंचायत की दीवारों में कलेक्टर द्वारा निर्धारित किए गए उनसे मिलने के दिन गुरूवार और सोमवार लिखा होगा। अब ग्रामीणों को किसी जनप्रतिनिधि या अन्य लोगों से यह जानने की आवश्यकता नहीं होगी कि कलेक्टर साहब किस दिन मिलेंगे। पंचायतों की दीवारों में कलेक्टर ने यह निर्देश सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जारी किए हैं। मंगलवार को उन्होंने अपनी बैठक के दौरान जनपद सीईओ को इस बात का निर्देश दिए कि जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों के भवन की दीवारों में उनसे मिलने का दिन सोमवार और गुरूवार लिखा जाए ताकि ग्रामीण केवल सोमवार और गुरूवार को ही उनसे मिलने जिला मुख्यालय में आ सके। कलेक्टर के इस निर्देश के बाद ग्रामीणों में उनके इस नई पहल से एक बड़ी सुविधा मिल गई है अब वे निश्चिंत हो गए हैं कि साहब दो दिन तो उनसे मिल ही सकते हैं।

## सप्ताह के सोमवार और गुरूवार का दिन निर्धारित

### खास बातें

- दिन निश्चित होने से दूर दराज के ग्रामीणों को मिली सबसे बड़ी सुविधा
- समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण




### दूरस्थ क्षेत्रों से आते थे ग्रामीण

कलेक्टोरेट में लगने वाले जन चौपाल में कलेक्टर से मिलने के लिए जिला मुख्यालय से 80 से 90 किलोमीटर के ग्रामीण मिलने आया करते थे। जिसकी वजह से जन चौपाल के दिन कलेक्टोरेट परिसर में भीड़ का नजारा दिखाई पड़ता था। छोटी-छोटी जनसमस्या जिनका निराकरण ब्लॉक मुख्यालय में ही किया जा सकता है। ऐसी समस्याओं को लेकर ग्रामीण महिला पुरूष बड़ी संख्या में अपने आवेदन लेकर कलेक्टर पहुंचा करते हैं।

## कोहड़िया वार्ड में बनाया गया है भवन, अब तक नहीं बनी एप्रोच रोड

# एक ही परिसर में बने बालक-बालिका और सम्प्रेषण गृह नहीं हुए विभाग को हैंडओव्हर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डेढ़ करोड़ की लागत से शहर के कोहड़िया वार्ड में तैयार बाल सम्प्रेषण एवं बालक-बालिका गृह को बने हुए दो वर्ष हो चुके हैं और अब तक विभाग को हैंडओव्हर नहीं हो सका है। भवन का निर्माण नगर निगम के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पीछे किया गया है, जहां तक पहुंच मार्ग का निर्माण भी नहीं हुआ है। यही कारण है कि निर्माण एजेंसी और विभाग के बीच हैंड ओव्हर की प्रक्रिया लंबित पड़ी हुई है।

बालक-बालिका एवं सम्प्रेषण गृह का संचालन जिला प्रशासन के महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से किया जाता है। जिसके लिए राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत कर्मचारियों की पदस्थापना होती है और इनके भवन का निर्माण ऐसे स्थान पर किए जाने का प्रावधान है, जहां स्कूल, गार्डन, अस्पताल आसपास ही हों। वर्तमान में जिले में बालक-बालिका एवं सम्प्रेषण गृह का संचालन महिला बाल विकास विभाग के माध्यम के द्वारा किराए के भवनों में किया जा रहा है। स्थाई भवन के लिए विभाग के द्वारा कई मर्तबा पत्र व्यवहार शासन स्तर से किया गया है। तब जाकर दो वर्ष पूर्व भवन की स्वीकृति मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग के द्वारा भवन निर्माण का कार्य शुरू किया गया। लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से इन तीन भवनों का निर्माण नगर पालिक निगम के कोहड़िया वार्ड में किया गया है। वह भी ऐसे स्थान पर जिसके समीप न तो कोई स्कूल है और ना ही चिकित्सा सुविधा के लिए कोई अस्पताल। इतना ही नहीं भवन तक पहुंचने के लिए पहुंच मार्ग का निर्माण भी नहीं किया गया है। जहां बरसात के दिनों में पहुंचना तो कठिन कार्य हो जाता है। ऐसे सूनसान स्थान में भवन का निर्माण किए जाने से विभाग ने आपत्ति जताई है। यही कारण है कि अब भवन निर्माण के बाद खंडहर में बदलने जा रहा है, किंतु इस ओर अब तक किसी प्रशासनिक अधिकारी की नजर नहीं गई। इसका मुख्य कारण यह है कि सबसे पहले संभाग में बिल्डिंग का निर्माण डीएमएफ मद से कोरबा में ही किया गया है और मुख्य मार्ग से दूर होने के कारण यहां किसी की नजर नहीं जाती।

### महिला बाल विकास विभाग पर है संचालन की जिम्मेदारी


कोहड़िया वार्ड में बनाया गया भवन।


पहुंच मार्ग जिसका नहीं किया गया निर्माण।

### मूलभूत सुविधाओं की है दरकार

उक्त भवन तक पहुंचने के लिए अप्रोच रोड का भी निर्माण नहीं हुआ है। इसके साथ ही निगम के द्वारा स्ट्रीट लाईट भी नहीं लगाई गई है। पहुंच मार्ग के नाम पर केवल पगडंडी ही है। मूरूम की सड़क भी भवन तक पहुंचने के लिए नहीं बनी है। विभाग ने इसे मूलभूत सुविधा से जोड़कर देखा है। ऐसे तमाम व्यवहारिक दिक्कतों को लेकर हैंडओव्हर की स्थिति लंबित पड़ी हुई है और जब तक मूलभूत सुविधाएं भवन के आसपास नहीं हो पाती तब तक हैंडओव्हर होना भी मुश्किल प्रतीत होता है।

### सुरक्षा का सबसे बड़ा खतरा

बालक-बालिका एवं बाल सम्प्रेषण गृह का निर्माण जिस स्थान पर किया गया है वह सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पिछले एक-दो वर्षों में बालक गृह से बच्चों के लापता होने और बाल सम्प्रेषण गृह से किशोर उम्र के लड़कों के लापता होने की घटनाएं लगातार हो चुकी है। इसके मद्देनजर विभाग ने सुरक्षा को लेकर एक सवाल खड़ा किया है। चूंकि तीनों गृह संवेदनशील है जहां सुरक्षा की नितांत आवश्यकता है। वर्तमान में भवन शहर से दो सूनसान स्थान में स्थित है। लिहाजा विभाग उक्त भवन में बालक-बालिका एवं बाल सम्प्रेषण गृह के संचालन को लेकर सचेत बना हुआ है।

### हैंडओव्हर की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी

कोहड़िया में भवन का निर्माण तो किया गया है, उन्हें जो जानकारी दी गई है उसके अनुसार भवन तक पहुंचने के लिए अप्रोच रोड का निर्माण नहीं किया गया है। इस वजह से हैंडओवर नहीं हुआ है।

- **बजरंग सांडे,** परियोजना अधिकारी, शहरी मबावि


वृद्ध को अस्पताल ले जाते परिजन व वन कर्मी।

# गजराज घुस आया गांव में, वृद्ध आया चपेट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। आधा दर्जन हाथियों का झुंड देर रात को एक गांव में जा धमका था और इस दौरान भागने के दौरान एक वृद्ध गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वन विभाग की टीम को जब इसकी सूचना मिली तो वन विभाग की टीम ने जख्मी ग्रामीण के परिजनों को आर्थिक सहायता की राशि प्रदान कर दी है।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र में हाथियों का झुंड लंबे समय से विचरण कर रहा है। जिनका आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बताया जाता है कि आधा दर्जन हाथियों का झुंड सोमवार की रात क्षेत्र के ग्राम पनगवां में जा पहुंचा था और जमकर उत्पात मचा रहा था। इस दौरान देर रात को भागने के दौरान गुलाब सिंह 56 वर्ष पिता वृद्ध गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने किसी तरह देर रात को हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा और गंभीर रूप से घायल वृद्ध को उपचार के लिए पसान स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी दल बल सहित मौके पर पहुंचे थे और पीड़ित ग्रामीण के परिजनों को आर्थिक सहायता की राशि प्रदान कर दी है।

### धान के बाद राहर की फसल आ रही है रास

बताया जाता है कि कटघोरा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र हाथियों को जमकर रास आ रहा है। इस इलाके में हाथियों के खाने के लिए पसंदीदा चीज धान की फसल चट करने के बाद अब हाथियों को खेतों व बाड़ियों में लगे राहर की फसल जमकर रास आ रही है। बताया जाता है कि राहर की फसल को खाने के लिए अक्सर हाथियों का झुंड किसानों की बाड़ी में घुस रहा है और जमकर उत्पात मचाते हुए बाड़ियों को तहस-नस कर रहा है। अब अभी एक महीना कुछ इसी तरह का उत्पात हाथी मचाते रहेंगे। इसके बाद बारिश के दिनों में हाथियों के खाने के लिए फिर से पसान व केंदई रेंज में भुट्टे की फसल तैयार हो जाएगी। इसके बाद हाथी भुट्टा खाकर जमकर क्षेत्र में आनंद उठाएंगे।

# राजस्व अधिकारी सुनें आम नागरिकों की बात : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व संबंधी प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व अधिकारी समय सीमा के भीतर राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार समय-समय पर फील्ड विजिट भी करें और अपने न्यायालय में बैठकर समय सीमा के भीतर राजस्व से संबंधित प्रकरणों पर अपने विवेक का बेहतर उपयोग करते हुए निर्णय पारित करें। उन्होंने ने कहा कि प्रशासन में बेहतर से और बेहतर कार्य करना सबकी जिम्मेदारी होती है, इसलिए राजस्व अधिकारियों को चाहिए कि वे व्यवस्थित तरीके से कार्य संपादित करें और सभी लोगों के साथ आपका व्यववहार शालीनता पूर्ण रहे। उन्होंने कहा कि आप अपने बेहतर कार्यों से अपने सीनियर अधिकारी का इमेज भी गढ़ते हैं इसलिए फील्ड पर अपने कार्यों के प्रति गंभीर होकर कार्य करें और सभी की सुनें।

कलेक्टर अजीत वसंत ने अपर कलेक्टर एवं सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया कि वे सप्ताह में 03 दिन आधे समय फील्ड विजिट कर शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण सुनिश्चित करें और आधे ⏭ शेष पेज 3 पर

# कोरबा-चांपा एनएच के अधिग्रहित क्षेत्र में एनएचएआई ने शुरू किया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-चांपा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 49 बी का निर्माण धीरे-धीरे जोर पकड़ रहा है। चरणबद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत एनएचएआई ने उरगा क्षेत्र के अधिग्रहित जमीन से कब्जा हटाने की कार्यवाही शुरू की ताकि एनएचआई के रूके हुए काम को नए सिरे से शुरू किया जा सके। सरकार के द्वारा जारी गाइड लाइंस के अंतर्गत भू-अधिग्रहण के मामलों में बाजार मूल्य से कई गुना ज्यादा राशि क्षतिपूर्ति के रूप में स्वीकृत की गई है। स्थानीय प्रशासन ने इस राशि का भुगतान प्रभावित लोगों को पहले ही कर दिया है। इसी के साथ विवादित प्रकरणों का निपटारा भी करने का काम पूरा कर लिया गया है। इस स्थिति में अधिग्रहित क्षेत्र पर अब नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया का कब्जा हो गया है। उसे हाईवे का निर्माण समयबद्ध शेड्यूल के अंतर्गत करना है। प्रशासन को पहले से ही इस बारे में अवगत कराया जा चुका है। उक्तानुसार नापजोख के बाद उरगा क्षेत्र के नेशनल हाईवे ने अपने लिए अर्जित जमीन पर बुलडोजर चलाना प्रारंभ किया। बताया गया कि जितनी संपत्ति हाईवे की परिधि में है, उसे अविलंब हटाने की कार्यवाही करना है। इससे पहले बरपाली इलाके में गलत सर्वेक्षण और कम मुआवजा बनने को लेकर कुछ लोगों ने एसडीएम के पास आपत्ति की थी जिस पर संज्ञान लेते हुए लोक निर्माण विभाग से दोबारा निरीक्षण कराया गया। आपत्ति के निराकरण के साथ नए सिरे से संपत्ति का मूल्यांकन करने के बाद ऐसे मामले अंतिम रूप से निराकृत किये गए। उरगा पुलिस प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि स्थानीय स्तर पर मामले पहले से ही निराकृत हैं इसलिए एनएचएआई के द्वारा की जा रही तोडफ़ोड़ बेहद सामान्य रूप से चल रही है। इसे लेकर किसी प्रकार का गतिरोध नहीं है।

## श्रमिक संगठनों के नेताओं को लिखा गया पत्र

# एसईसीएल सहित अन्य अनुषंगी कंपनियों में गठित होगी वर्कर्स कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

एसईसीएल सहित कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में जल्द ही वर्कर्स कमेटी का गठन होगा। श्रम व रोजगार मंत्रालय ने औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 3 और औद्योगिक विवाद (केंद्रीय) नियम 1957 के अनुसार कंपनियों के प्रतिष्ठानों में वर्कर्स कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में कोल इंडिया के निदेशक कार्मिक ने इंटक को छोड़ अन्य सभी चारों केंद्रीय श्रमिक संगठन बीएमएस, एटक, सीटू व एचएमएस के नेताओं को पत्र लिख कर सहयोग की अपील की है।

केंद्रीय श्रमिक संगठनों को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वर्कर्स कमेटी के गठन के संबंध में औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 3 के प्रावधानों से दो साल की अवधि के लिए छूट दी गयी थी। छूट की उपरोक्त अवधि समाप्त होने पर आगे की छूट देने के लिए कोयला मंत्रालय के माध्यम से श्रम और रोजगार मंत्रालय के साथ मामला चलाया जा रहा था। कोयला उद्योग में भाग लेने वाले केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने भी अपनी राय दी है कि चूंकि यूनिट, क्षेत्र, सहायक स्तर पर कई द्विपक्षीय समितियां पहले से ही संतोषजनक ढंग से काम कर रहीं है, जिसमें श्रमिकों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। द्विपक्षीय विचार-विमर्श के माध्यम से निबटारा किया जा रहा है। इसलिए कोल इंडिया के सहायक कंपनियों के किसी भी प्रतिष्ठान में इसकी आवश्यकता नहीं है। हालांकि 15 दिसंबर 2023 को अपने पत्र के माध्यम से सरकार के अवर सचिव ने कोल इंडिया व सहायक कंपनियों के प्रतिष्ठानों में वर्कर्स कमेटी गठित करने का अनुरोध किया है। इसके बिना आइडी अधिनियम, 1947 की धारा 36 बी के तहत कोल इंडिया व उसकी सहायक कंपनियों को आईडी नहीं दी जा सकती।

### नहीं मिला समय, अब कमेटी गठन का ही विकल्प

कोल इंडिया चैयरमैन ने 19 दिसंबर 2023 को पत्र के माध्यम से सरकार के सचिव से अनुरोध किया था कि कोल इंडिया व सहायक कंपनियों के प्रतिष्ठानों में वर्कर्स कमेटी के गठन के लिए श्रम व रोजगार मंत्रालय से 30 जून 2024 तक छह महीने का समय दिया जाये। चूंकि छूट के लिए कोल इंडिया का अनुरोध स्वीकार नहीं किया गया है। ऐसे में औद्योगिक विवाद (केंद्रीय) नियम 1957 के अनुसार कोल इंडिया व उसकी सहायक कंपनियों के पास वर्कर्स कमेटी गठित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। कोल इंडिया डीपी ने श्रमिक संगठन के नेताओं से कार्य समिति के गठन की अवधि के दौरान औद्योगिक सद्भाव बनाए रखने व सहयोग की अपील की है।

### प्रेमिका ने लगाई फांसी प्रेमी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**कोरबा।** सीतामढ़ी में कुंजनगर निवासी 20 वर्षीय युवती नेहा यादव ने शुक्रवार की शाम इमलीडुग्गू के पोखरीपारा निवासी प्रेमी निखिल यादव के घर पहुंचकर वहां फांसी लगा ली थी। मामले में सिटी कोतवाली पुलिस जांच कर रही थी। जांच के आधार पर पुलिस ने प्रेमी निखिल यादव को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का अपराध कायम किया है। पुलिस के मुताबिक नेहा यादव का निखिल यादव से लंबे समय से प्रेम संबंध चल रहा था लेकिन पिछले कुछ दिनों से उनके बीच शक संदेह की वजह से मनमुटाव चल रहा था। इस बीच नेहा यादव ने प्रेमी के घर पहुंचकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। नेहा यादव के पिता ने मामले में हत्या के जाने का आरोप लगाया था हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्लियर नहीं हुआ।

## फिल्म इवेंट

### भोजपुरी

## माही का नया सॉन्ग राजा जी के तिलवा प दिलवा रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेत्री माही श्रीवास्तव उन अभिनेत्रियों में से हैं जो दिन पर दिन दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना रही हैं। माही भोजपुरी सिनेमा की राइजिंग स्टार हैं, जिनके गानों का उनके चाहने वालों को बेसब्री से इंतजार रहता है। वो जब भी किसी गाने में परफॉर्म करती है तो वो गाना यूट्यूब पर वायरल हो जाता है। उनकी अदाकारी दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। इसी बीच माही श्रीवास्तव का नया गाना रिलीज हो गाय है। इस गाने के बोल 'राजा जी के तिलवा प दिलवा' है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। भोजपुरी गाने 'राजा जी के तिलवा प दिलवा' को खुशी कक्कर ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। उनकी आवाज ने इस गाने में जान डाल दी है। वहीं, माही श्रीवास्तव के ठुमकों ने चार चांद लगा दिया है। इस गाने को वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के ऑफिसियल चैनल पर रिलीज किया गया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। गाना यूट्यूब पर तेजी से वायरल हो रहा है। गाने में माही को एक लड़का पसंद आ जाता है, जिससे देखकर उनको उससे प्यार हो जाता है। गाने का फिल्मांकन बहुत ही सुंदर तरीके से किया गया है। वही इसको लोकेशन के हिसाब से फिल्माया गया है।

### हालीवुड


## एरियाना का 7वें स्टूडियो एलबम का पहला सिंगल 12 को होगा आउट



**लॉस एंजेलिस।** एरियाना ग्रांडे, जिन्होंने हाल ही में पोस्ट किया था कि उन्होंने अपना लंबे समय से प्रतीक्षित सातवां स्टूडियो एलबम पूरा कर लिया है, ने घोषणा की कि इसका पहला सिंगल 12 जनवरी को आएगा। गाने का शीर्षक स्पष्ट रूप से 'यस, एंड?' है, जो ग्रांडे के 2019 अर्ध-आत्मकथात्मक एकल और एलबम, 'थैंक यू, नेक्स्ट' से एक चंचल प्रगति है। रिपोर्ट के अनुसार गायिका को हाल के वर्षों में कई हिट सिंगल्स में दिखाया गया है। विशेष रूप से वीकेंड के 'सेव योर टीयर्स' और 'डाई फॉर यू' के रीमिक्स - लेकिन उन्होंने कोई एलबम या एक भी रिलीज़ नहीं किया है। अक्टूबर 2020 में उनकी छठी पूर्ण-लंबाई, 'पोज़िशन' के रिलीज़ होने के बाद से उनके अपने नाम के तहत। वह यूनिवर्सल के हिट ब्रॉडवे म्यूजिकल 'विकेड' के बड़े स्क्रीन रूपांतरण पर कड़ी मेहनत कर रही है, जो नवंबर में आने वाला है और अधिक चुपचाप, वह लंबे समय के प्रबंधक स्कूटर ब्रौन के साथ भी अलग हो गई और अब उसकी जगह ब्रैंडन क्रीड (जो लोवाटो को संभालते हैं) ने ले ली है। पिछले साल इंस्टाग्राम पोस्ट की एक श्रृंखला से पता चला कि एरियाना लंबे समय से सहयोगी मैक्स मार्टिन और इल्या सलमानज़ादेह के साथ एल्बम नंबर 7 पर काम कर रही हैं।

### टॉलीवुड


## 12 को बड़े पर्दे पर आएगी महेश बाबू की 'गुंटूर करम'



**हैदराबाद।** ऐक्टर महेश बाबू के फैंस का इंतजार खत्म हो गया है। एक्शन से भरपूर तेलुगु फिल्म 'गुंटूर करम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डायरेक्टर त्रिविक्रम श्रीनिवास और महेश बाबू की जोड़ी तीसरी बार 'गुंटूर करम' में साथ नजर आने वाली है। 'गुंटूर करम' का ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों के दिलो-दिमाग पर छा गया है। फिल्म का ट्रेलर देखकर ही महेश बाबू के फैंस सीटियां बजाने पर मजबूर हो गए हैं।

गुंटूर करम के ट्रेलर को देखकर फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं चल पाता है। फिल्म में सुपरस्टार महेश बाबू 'रमन रेड्डी' का किरदार निभाते नजर आएंगे। जो सिस्टम के खिलाफ लोगों के अधिकारों के लिए लड़ती है, गुस्से में कड़ी कार्रवाई करती है, खुश होने पर नाचती है और सीटियां बजाती है। फिल्म में 'रमन' को एक्शन करते देखने के लिए उनके फैंस बेताब हैं। फिल्म में राम्या कृष्णन एक ऐसी मां के किरदार में नजर आ रही हैं, जो अपने बेटे को अनाथ छोड़कर कहीं चली जाती है, लेकिन इसकी वजह क्या है? अब इन सभी सवालों का जवाब फिल्म 'गुंटूर करम' की रिलीज के बाद ही मिलेगा। सुपरस्टार महेश बाबू आखिरी बार फिल्म 'सरकारू वारी पाटा' में नजर आए थे। उसके बाद साल 2023 में उनकी कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई, यही वजह है कि महेश बाबू के फैंस काफी उत्साहित हैं। फिल्म 'गुंटूर करम' में महेश बाबू श्रीलीला के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। महेश बाबू और श्रीलीला की केमिस्ट्री भी लोगों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म में महेश बाबू और श्रीलीला के अलावा मीनाक्षी चौधरी भी अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाली हैं। मीडिया में आ रही खबरों के मुताबिक, महेश बाबू की फिल्म 'गुंटूर करम' का मुकाबला रवि तेजा की फिल्म 'ईगल' से होगा। रवि तेजा की फिल्म भी मकर संक्रांति पर रिलीज होने वाली है। वहीं 'गुंटूर करम' 12 जनवरी को रिलीज होने जा रही है।

## लाइफ स्टाइल



### अपना फैशन स्टेटमेंट

टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना का फैशन सेंस कमाल का है। सुरभि साड़ी में जितनी खूबसूरत दिखती हैं, वेस्टन आउटफिट्स में भी उतनी ही सुंदर दिखती है। वेस्टन हो या ट्रेडिशनल लुक सुरभि पर हमेशा ग्लैमरस ही लगता है। सुरभि सोशल मीडिया पर अपने लुक्स की फोटो शेयर करती रहती हैं। सुरभि जिस तरह से कपड़ों को कैरी करती हैं, वो किसी भी अभिनेत्री को टक्कर देने वाला है।

## सोलो ट्रिप को बनाना है रोमांचक तो इन गलतियों को करने से बचें

नई दिल्ली। जिंदगी में हर काम कभी न कभी हम अकेले करते ही हैं। ऐसे ही अगर आपने भी पहली बार अकेले किसी ट्रिप पर जाने का फैसला लिया है, तो जाहिर है कि आपके मन में कुछ डर हो और कुछ सवाल भी हो। लेकिन एक बात तय है कि इन सबके बावजूद भी आपका पहला सोलो ट्रिप आपके लिए काफी रोमांचक और यादगार रहेगा। हालांकि, आपको अपनी ट्रिप पर कुछ बातों का ख्याल रखना चाहिए ताकि आपकी ट्रिप बर्बाद न हो। आइए जानते हैं, किन बातों का ख्याल रख, आप अपनी सोलो ट्रिप पर कुछ गलतियां करने से बच सकते हैं।

**ओवर पैकिंग न करें :** पहली बार अकेले ट्रिप पर जाने से पहले आप हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहते हैं। इसलिए हो सकता हैं कि आप अपने साथ काफी सारी चीजें पैक कर लें, लेकिन ऐसा न करें। ज्यादा सामान पैक करने की वजह से आपको सामान उठाने में तकलीफ हो सकती है। इसलिए सिर्फ उतना ही समान पैक करें, जिसकी आपको जरूरत हो या जिसके बिना काम न चल सके।



**ओवर शेड्यूलिंग न करें :** ऐसा हो सकता है कि आप अपनी ट्रिप का एक भी मिनट बर्बाद करना न चाहें और इसलिए हर मिनट के लिए कुछ न कुछ प्लान कर लें, लेकिन ऐसा करने से आपकी ट्रिप का मजा किरकिरा हो सकता है। ऐसा हो सकता है कि आप किसी भी जगह जल्दबाजी की वजह से ठीक से एंजॉय न कर पाएं और आप काफी थक भी सकते हैं।

### अपने परिवार से संपर्क में रहे


बाहर घूमते समय हो सकता है कि आप सब कुछ खुद करना चाहे या इसे खुद के लिए चैलेंज की तरह देखें, लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए या किसी इमरजेंसी की स्थिति के लिए आप आपके किसी परिवार के सदस्य से संपर्क रहें ताकि अगर आप किसी मुसीबत में फसें तो मदद के लिए उनसे संपर्क कर सकें और अपना इटिनरी भी अपने परिवार के साथ शेयर करें।

### प्लान बी तैयार रखें

कई बार ऐसा हो सकता है कि आपका ट्रेवल का प्लान खराब हो जाए। कोई रिजर्वेशन कैंसल हो जाए या कोई जगह आपको पसंद न आए। इसलिए अपने ट्रिप के लिए एक प्लान बी जरूर तैयार करके चलें ताकि आपकी ट्रिप का मजा खराब न हो।

## बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए इन स्टाइलिंग टिप्स पर दें ध्यान

फैशन



**नई दिल्ली।** बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए कपड़े, लिपस्टिक के कलर, स्टोल लेने का तरीका, जींस की फिटिंग जैसी कई सारी चीज़ें बेहद मायने रखती हैं, लेकिन बहुत ही कम महिलाओं का ध्यान इस पर जाता है। यंग लुक पाने के चक्कर में वो कई ऐसी गलतियां करती हैं, जो उन्हें और ज्यादा बूढ़ा दिखाती हैं। कहने का मतलब है कि जैसे-जैस आपकी उम्र बढ़ती है आपको अपने स्टाइल पर भी थोड़ा ध्यान देने की जरूरत होती है। आइए जानते हैं ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में, जो आपको करना है अवॉयड।

**लाइट लिपस्टिक चुनें :** लिपस्टिक मेकअप का बहुत ही जरूरी हिस्सा है, लेकिन बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए ब्राइट कलर की जगह लाइट कलर चुनें। पीच, ब्लश पिंक, न्यूड शेड्स अच्छे लगेंगे, लेकिन हां अगर आपके लिप्स बहुत पतले हैं, तो आप हल्के ब्राइट शेड्स चुन सकती हैं।



**हेयर कलर हो सही :** बढ़ती उम्र में सफेद बालों को छिपाने के लिए मेहंदी लगाने की जगह कोई हेयर कलर ट्राई करना चाहती हैं, तो बहुत डार्क कलर अवॉयड करें। क्योंकि इससे लुक बहुत ज्यादा ड्रामैटिक लगेगा। नेचुरल शेड्स के साथ एक्सपेरिमेंट करें। हेयर कलर करवाते समय अपनी स्किन टोन का भी ध्यान रखें।

**फिटेड जींस पहनें :** जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है स्किन लूज होने लगती है फिर चाहे वह चेहरे की हो या शरीर के किसी पार्ट की, तो इसके लिए फिटेड जींस चुनें। हिप्स एरिया फर्म दिखे।

**मेकअप का रखें ध्यान :** बढ़ती उम्र में स्किन अपनी नमी खोने लगती है, जिस वजह से वो बहुत ज्यादा ड्राई नजर आने लगती है। अगर आप वेडिंग या पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं, तो पाउडर मेकअप करना अवॉयड करें क्योंकि इससे स्किन और ज्यादा ड्राई नजर आएगी।।

## चांदनी वाइब्सः पश्मीना के सफेद लहंगा स्टाइल की सादगी ने किया आकर्षित

पश्मीना रोशन ने हाल ही में एक प्राचीन सफेद लहंगे में अपने घर से बाहर निकलते ही सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। उनके पहनावे ने उनकी शिष्टता को निखारा, जो फैशन के प्रति उनकी गहरी नजर को दर्शाता है। लुक को पूरा करने वाला एक प्यारा सा पर्स था, जिसने समग्र सौंदर्य में एक सुखद स्पर्श जोड़ा। चंचलता के संकेत के साथ परिष्कार को जोड़ने के लिए पश्मीना की आदत को प्रदर्शित किया। जो चीज़ वास्तव में पश्मीना को अलग करती थी, वह थी अतिसूक्ष्मवाद के प्रति उसकी प्रतिबद्धता। सूक्ष्म और सावधानी से किए गए मेकअप के साथ, उन्होंने अपनी प्राकृतिक सुंदरता को अपनाया, यह बयान करते हुए कि कम वास्तव में अधिक है। उनके फैशन विकल्प न केवल सुंदरता दर्शाते हैं, बल्कि स्टाइल की लगातार विकसित हो रही दुनिया में सादगी अपनाने की प्रवृत्ति को भी प्रेरित करते हैं। पश्मीना रोशन हर सार्वजनिक उपस्थिति के साथ परंपरा और आधुनिकता का सहजता से मिश्रण करके फैशन प्रेरणा का प्रतीक बनी हुई है।



## मैट्रिमोनियल साइट्स से दूल्हा-दुल्हन ढूंढने से पहले इन बातों का रखें खास ख्याल

**नई दिल्ली।** एक समय था जब शादी के लिए लड़का या लड़की ढूंढना एक बड़ा काम होता था। कई महीनों की खोज के बाद, माता-पिता अपनी बेटी या बेटे के लिए उपयुक्त वर और वधू ढूंढ पाते थे, लेकिन समय के साथ कई चीजें बदल गई हैं और आज स्थिति ऐसी हो गई है कि एक क्लिक पर सैकड़ों लड़कियों और लड़कों की लाइन लग जाती है। वैसे तो एक क्लिक पर कई विकल्प मिल जाते हैं, लेकिन कई बार ये विकल्प गलत साबित हो जाते हैं। कहने का मतलब यह है कि अगर आप ऑनलाइन किसी मैट्रिमोनियल साइट्स के जरिए दूल्हा-दुल्हन की तलाश कर रहे हैं तो आपको थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है।

आधुनिक युग में ऑनलाइन पोर्टल्स के माध्यम से शादी करना एक आम और सुगम विकल्प बन गया है। लेकिन इस प्रक्रिया में सुरक्षा और ध्यानपूर्वक चयन करना महत्वपूर्ण है। यदि आप ऑनलाइन पोर्टल की मदद से शादी करना चाहते हैं, तो इन बातों का खास ख्याल रखें।



**सुरक्षा का पहला महत्वपूर्ण कदम :** ऑनलाइन शादी के पोर्टल्स का चयन करते समय सुरक्षा को प्राथमिकता दें। जांचें कि पोर्टल आपकी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे सुरक्षित रखता है और क्या वे आपके डेटा का दुरुपयोग नहीं करेंगे।

**प्रोफाइल विवरण में सच्चाई :** आपके प्रोफाइल विवरण में सच्चाई होना बहुत महत्वपूर्ण है. झूठी जानकारी से बचें, क्योंकि यह आपके साथी को गलत सिग्नल भेज सकता है और आपके बीच विश्वास को कमजोर कर सकता है।

**प्राथमिक मिलने का उपाय :** ऑनलाइन बातचीत और वीडियो कॉल्स के माध्यम से साथी को पहचानने का प्रयास करें पहले ही। यह आपको उनके साथ वास्तविक जीवन में एक सुरक्षित मिलने का मौका देगा और साथी की पहचान में मदद करेगा।

## कार्नर न्यूज

### चांद की रोशनी जब सफेद रेगिस्तान पर पड़ती है, तो अद्भुत नजारा देखने को मिलता है

*नई दिल्ली। जनवरी माह में भारत में कई राज्यों में तरह-तरह के फेस्टिवल्स का आयोजन होता है। इसमें दुनियाभर से पर्यटक पहुंचते हैं। इसमें रण उत्सव तीन महीने तक चलने वाला बहुत ही शानदार फेस्टिवल है। इस फेस्टिवल में शामिल होकर आप गुजरात की रंग-बिरंगी संस्कृति को करीब से देख सकते हैं। फेस्टिवल में होने वाला गुजराती लोकनृत्य, संगीत बेहद खास होता है। अगर आप खाने के शौकीन हैं, तो यहां आकर आप गुजरात के लजीज जायकों का आनंद ले सकते हैं। पूर्णिमा के दौरान यहां घूमने की प्लानिंग सबसे बेस्ट रहेगी। चांद की रोशनी जब सफेद रेगिस्तान पर पड़ती है, जो एक अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। यहां आकर टेंट में रूकने का मौका बिल्कुल भी मिस न करें। साथ ही यहां के खूबसूरत हैंडीक्रॉफ्ट्स की खरीददारी भी।*

## ठंड में देश के इन फेस्टिवल्स में हो शामिल मिलेगा जनवरी माह में गजब का आनंद



### जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल


हर साल जयपुर में जनवरी माह में लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है, जिसमें जाने-माने लेखक और स्पीकर्स हिस्सा लेते हैं। अगर आपको लिटरेचर में दिलचस्पी है, तो आपको इस फेस्टिवल में जरूर शामिल होना चाहिए क्योंकि यहां आपको कई लेखकों के अचीवमेंट्स, उनके बारे में जानने का मौका मिलेगा।

### इंटरनेशनल काइट फ्लाइंग फेस्टिवल

आसमान में ढेर सारी रंग-बिरंगी पतंगों को देखने भी गजब का एन्जॉयमेंट है। मकर सक्रांति के अवसर पर गुजरात में इंटरनेशनल काइट फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। जिसमें दुनियाभर के पतंगबाज पहुंचते हैं और अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। सुबह सूर्योदय से ये फेस्टिवल शुरू हो जाता है और सूर्यास्त तक चलता है। पतंगबाजी के अलावा इस फेस्टिवल में एरियल एक्रोबेट्स, पतंग बनाना, काइट पेंटिग जैसे और भी कई दूसरे मनोरंजक कॉम्पिटिशन होते हैं।

### बीकानेर कैमल फेस्टिवल

जनवरी में बीकानेर कैमल फेस्टिवल में भी पहुंचकर मस्ती कर सकते हैं। जहां ऊंटों की तरह-तरह से सजावट की जाती है। उनकी रेस होती है और उन्हें डांस करते हुए भी देखा जा सकता है। जो बहुत ही खास होता है। इसके साथ ही आग के साथ कलाबाजी करते हुए लोग और राजस्थानी लोक कलाकारों की परफॉर्मेंस भी देख सकते हैं।



### मद्रास म्यूजिक फेस्टिवल

मद्रास म्यूजिक फेस्टिवल भारत का सबसे बड़ा म्यूजिक फेस्टिवल है। जहां म्यूजिक के साथ-साथ शास्त्रीय नृत्य और दूसरी कलाएं भी देखने का मौका मिलता है। भारत के कोने-कोने से कलाकार इस फेस्टिवल में हिस्सा लेने पहुंचते हैं, जिनकी परफॉर्मेंस समां बांध देती है।

### अराकू बैलून फेस्टिवल

आंध्रप्रदेश टूरिज्म द्वारा इस फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। इसमें हॉट एयर बैलून राइड खास होता है। हॉट एयर बैलून राइड द्वारा आप यहां के खूबसूरत नजारों को देख सकते हैं। रात में कैंपिंग कर सकते हैं और कॉफी प्लांटेशन टूर भी कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत वर्ष 2023-24 में कक्षा 6वीं में प्रवेश लेने हेतु 25 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि उक्त योजना अंतर्गत प्रवेश लेने हेतु 10 मार्च को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। पात्र अभ्यर्थी प्राचार्य, प्रधानपाठक/विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय पर आवेदन प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं।

### विनय बने धर्मसेना के प्रमुख



**कोरबा।** जिला धर्मसेना की जिला बैठक बिलासपुर में आयोजित की गई थी। जनवरी माह में 1001 स्थनों पर प्रभु श्रीराम और भारत माता की आरती की योजना बनाई गई है। धर्मसेना जिला के कार्यकर्ता कलश, अक्षत वितरण और प्रभु श्रीराम के निमंत्रण कार्य में लगे हुए हैं। बैठक में कार्यकर्ताओं की पदोन्नति हुई है जिनमें विनय पांडेय बिलासपुर विभाग प्रशानिक प्रमुख, आशीष गीर गोश्वमी बिलासपुर विभाग का प्रचार प्रसार प्रमुख, प्रवीण गुप्ता बिलासपुर विभाग उपाध्यक्ष, अमितोष दुबे महानगर महामंत्री कोरबा, पुनीराम खैरवार रजगामार मंडल अध्यक्ष, विनोद तिवारी कोरबा नगर मीडिया प्रमुख, संतोष साहू वार्ड 57 अध्यक्ष, कृष्ण कुमार यादव -वार्ड 10 अध्यक्ष, प्रदीप यादव दर्री मंडल महामंत्री, भोला गुप्ता दर्री मंडल मीडिया प्रमुख, संजय निर्मलकर - दर्री मंडल सह मीडिया प्रमुख शामिल हैं।

### सीएमपीएफ में हुए घोटाले का सीबीआई जांच हो : बीएमएस



**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन बिलासपुर के द्वारा सीएमपीएफ में हुए लगभग 9 सौ करोड़ रुपए घोटाले की सीबीआई से जांच की मांग को लेकर तथा कोयला क्षेत्र में कार्यरत ठेका मजदूर के अधिकारों का शोषण के खिलाफ अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के आह्वान पर 8, 9 एवं 10 जनवरी को कोरबा, कुसमुंडा, गेवरा, दीपका एवं मुख्यालय बिलासपुर में गेट मीटिंग के माध्यम से जन जागरण का कार्यक्रम किया जाना है। जिसके तहत चारों क्षेत्र में गेट मीटिंग कर कर्मचारी के बीच सीएमपीएफ घोटाला तथा ठेका कर्मियों के अधिकारों का शोषण के खिलाफ जन जागरण का कार्यक्रम किया गया। साथ ही 11 जनवरी को कोल सचिव एवं सीएमपीएफ कमिश्नर, धनबाद (झारखंड) के नाम क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करते हुए क्षेत्रीय महाप्रबंधकों के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### युवा कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी ने युवा कांग्रेस संगठन की ली बैठक



**कोरबा।** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस संगठन अभी से तैयारी प्रारंभ कर दिया है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी चंदन राय ने युवा कांग्रेस संगठन की बैठक ली। बैठक में प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रभारी चंदन राय ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा फरवरी माह में छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रवेश करेगी। इस यात्रा की तैयारियाँ जोर शोर से की जा रही है उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन के लिए अभी से कमर कस ले। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सचिव विकास सिंह ने युवा कांग्रेस के जिला पदाधिकारी वार्ड एवं बुथ कमेटी के पदाधिकारियों को आगामी चुनाव के लिए तैयार रहने का आग्रह करते हुए कहा कि विधानसभा के चुनाव में कोरबा से हार के बाद हमें हतोत्साहित नहीं होना है बल्कि और अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

## निधन

### श्रीमती मालती तांडी



**कोरबा।** बालको मेनोनाइट चर्च मण्डली के डिकन एवं रजगामार बीकन स्कूल के प्राचार्य दीपक तांडी की माता श्रीमती मालती तांडी पति स्व. एमएस तांडी का निधन मंगलवार की सुबह लगभग 12 बजे हो गया। जिनके अंतिम संस्कार की आराधना 10 जनवरी की सुबह 11 बजे भादरापारा वाले पुराने घर में होगी, तत्पश्चात 12 बजे कोरबा मेनोनाइट कब्रस्तान में मिट्टी दी जायेगी।

## कलेक्टर ने की समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा

# शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बदलेगी तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक लेते कलेक्टर।

जिले की शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था की तस्वीर आने वाले दिनों में बदलने के साथ और भी बेहतर हो जाएगी। भवनों की कमी और पुराने होकर जर्जर हो चुके भवनों को ठीक करने की दिशा में पहल करते हुए जिले के नवपदस्थ कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने न सिर्फ जिला शिक्षा अधिकारी, सीएमएचओ, डीपीओ से जर्जर भवनों, भवन विहीन संस्थाओं की जानकारी मांगी है, अपितु उन्होंने स्टैंडर्ड स्टीमेट भी तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पूर्व में स्वीकृत भवनों की जानकारी भी मांगी है ताकि किसी स्थान पर दोबारा स्वीकृति न हो पाए। कलेक्टर ने जर्जर भवन के लिए कम से कम 15 वर्ष की सीमा तय करने के साथ यह भी निर्देशित किया है कि विशेष आवश्यकता वाले जर्जर भवनों के विषय में ही विचार किया जाएगा।

कलेक्टर अजीत वसंत ने विभागवार टीएल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने जिले की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूलों में रिक्त शिक्षकों की जानकारी मांगी है, इसके साथ ही उन्होंने शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने भवनविहीन स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्र तथा आंगनबाड़ी केंद्र की जानकारी शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए आरईएस को मानक प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विभाग में किसी को वेतन देने में अनावश्यक विलम्ब न किया जाए। पेंशन, अनुकम्पा जैसे प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग (पीवीटीजी) के शिक्षित युवाओं को नौकरी देने के निर्देश भी दिए।

### नियमित करें निरीक्षण

जिले के सभी आश्रमों और छात्रावासों का संचालन बेहतर तरीके से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ आश्रम और छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से प्रदान करने के निर्देश देते हुए यह भी निर्देशित किया है कि एसडीएम सहित अधिकारी अपने क्षेत्र के आश्रम तथा छात्रावास का नियमित निरीक्षण करें। किसी प्रकार की कमी या समस्या नजर आने पर उसका निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों के आश्रम और छात्रावास पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

### शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने दिए निर्देश

जनचौपाल में अतिक्रमण सम्बंधित मिल रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर अजीत वसंत ने सभी एसडीएम और निगमायुक्त को निर्देशित किया कि ग्रामीण शहरी इलाकों में शासकीय भूमि पर की जा रही अतिक्रमण को शीघ्र हटाए। खेल मैदानों, स्कूलों के आसपास सहित महत्वपूर्ण स्थानों से अतिक्रमण हटाया जाए। उन्होंने हाल ही में हुए अतिक्रमण पर विशेष नजर रखते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### नियमों से परे राखड़ डम्प और परिवहन पर करें कार्यवाही

कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में एसडीएम और जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया है कि राखड़ को डम्प और परिवहन करने लिखित में जो एग्रीमेंट है, उसकी अवहेलना किए जाने अथवा नियमों के विपरीत कही भी किए जा रहे राखड़ो के डंपिंग और परिवहन पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बिना ढके राखड़ परिवहन किए जाने पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने एसडीएम, आरटीओ, पुलिस को संयुक्त टीम बनाकर रात्रि में गश्त कर अवैध रूप से राखड़ो को डम्प करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

# फ्लड लाइट टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पंचायत पाली के हाईस्कूल खेल मैदान में 7 जनवरी से रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आरम्भ हो गया है। नगर के हाई स्कूल खेल मैदान में इस प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम के मुख्य आतिथ्य, संजय भावनानी जिला उपाध्यक्ष भाजपा, रोशन सिंह ठाकुर मंडल अध्यक्ष, विवेक कौशिक मंडल महामंत्री, कुलदीप मरकाम प्रदेश सचिव गोगपा, अनिल मरावी, आदि अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर श्री मरकाम ने कहा कि ऐसे आयोजन से खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन होता है और ग्रामीण प्रतिभाओं को तरासने का अवसर मिलता है। श्री भावनानी ने कहा कि पाली में भी अब शहरों जैसे आयोजन होने लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विविध विधाओं में ग्रामीण प्रतिभा छुपी हुई है। जिन्हें ऐसे ही आयोजन की तलाश होती है, ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। मंडल अध्यक्ष श्री सिंह ने भी इस आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए सफलता के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता के विजेता को 1 लाख 11 हजार 111 रुपए और ट्रॉफी, उपविजेता को 55 हजार 555 रुपए नकद और ट्रॉफी दिया जायेगा। इसके अलावा अन्य व्यक्तिगत आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र कंवर ने किया। अतिथियों ने मैदान की पिच पर जाकर नारियल फोड़ औपचारिक उद्घाटन किया। विधायक श्री मरकाम ने बल्ला संभाला और गेंदबाजी संजय भावनानी ने की। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारी जयवंत मसीह, मयंक सिंह ठाकुर, वीरू जगत ,सुशांत सिंह, रोहित पटेल, गुलशन शर्मा, मोहित आदि अन्य उपस्थित थे।

# शिव पुराण की कथा सुनने वाला मनुष्य शिव स्वरूप ही होता है: स्वामी घनश्यामाचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

प्रयागराज से विराजे श्रीमज्ज जगगुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य श्री शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस पर महाराज श्री ने बताया कि दक्ष प्रजापति की सभी पुत्रियां गुणवान थीं, फिर भी दक्ष के मन में संतोष नहीं था। वे चाहते थे कि उनके घर में एक ऐसी पुत्री का जन्म हो जो सर्वशक्ति संपन्न एवं सर्व विजयी हो, वे ऐसी पुत्री के लिए तप करने लगे। तप करते-करते अधिक दिन बीत गए तो भगवती आद्या ने प्रकट होकर कहा कि मैं तुम्हारे तप से प्रसन्न हूं। दक्ष ने तप करने का कारण बताया तो मां बोली मैं स्वयं पुत्री रूप में तुम्हारे यहां जन्म धारण करूंगी। मेरा नाम होगा सती और मैं सती के रूप में जन्म लेकर अपनी लीलाओं का विस्तार करूंगी। भगवती आद्या ने सती रूप में दक्ष के यहां जन्म लिया और वो सभी पुत्रियों में सबसे अलौकिक थी। बाल्य अवस्था में ही ऐसे अलौकिक आश्चर्य चकित करने वाले कार्य कर दिखाए कि जिन्हें देखकर स्वयं दक्ष को भी आश्चर्य हुआ। जब सती विवाह योग्य हो गई तो दक्ष को उसके लिए वर की चिता होने लगी। उन्होंने ब्रह्मा जी से इस विषय में परामर्श लिया तो ब्रह्मा जी ने कहा कि सती आद्या की अवतार है। आदि शक्ति और शिव आदि पुरुष हैं। उसके विवाह के लिए शिव ही योग्य और उचित वर हैं। दक्ष ने ब्रह्मा जी की बात मानकर सती का विवाह भगवान शिव के साथ कर दिया और सती ने कैलाश में भगवान के साथ खुशी-खुशी अपना जीवन व्यतीत किया। साफ है कि शिव जी की पूजा से वे खुद को ही सौंप देते हैं।

# महिला व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती पूनम मिश्रा एवं उनके सहयोगियों द्वारा संकल्पित स्वयंसिद्धा के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रयत्न एवं मार्गदर्शन करते हुए हमारी कोरबा शाखा की सृष्टि महिला समिति द्वारा 9 जनवरी को बीईटीआई में निःशुल्क सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत श्रीमती पूनम मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में में किया गया। इस अवसर पर श्रीमती संगीता कापरी, श्रीमती राजी श्रीनिवासन, श्रीमती शारदा आचार्या एवं श्रीमती सुजाता खमारी भी उपस्थित रहीं। क्षेत्र की जरूरतमंद महिलाओं एवं बालिकाओं को निःशुल्क सिलाई एवं कंप्यूटर का प्रशिक्षण प्रदान किया जाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की गई है। इस दौरान पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी के संदेश के साथ वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम को अध्यक्षा श्रीमती पूनम मिश्रा, एवं उनके टीम के द्वारा सिलाई एवं कंप्यूटर विद्यार्थी पंजीयक रजिस्टर, दस्तावेज व नियमावली का अवलोकन किया गया। इसके उपरांत सिलाई कक्ष एवं कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते हुए सभी प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन के साथ सीखने के लिए दिशा निर्देश दिया गया। सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम में दोनों कक्षाओं के लिए प्रथम सत्र में 18-18 छात्राओं का पंजीयन हुआ है।

# शालेय क्रीड़ा उत्सव में छात्रों ने दिखाए खेल का जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबी धतूरा में शालेय क्रीडा उत्सव एवं शालेय वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा अच्छी खेल भावना का प्रदर्शन किया गया। साथ ही खो खो, कबड्डी, बैडमिंटन, गोला फेंक, तवा फेक, भाला फेंक, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, दौड़, रिले रेस, हैंडबॉल बास्केटबॉल का प्रदर्शन किया एवं जिसमें चार दल अरपा, महानदी, इंद्रावती, शिवनाथ दल के अनुसार खेला गया। शालेय क्रीडा उत्सव समापन के बाद शालेय वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम 6 जनवरी को संपन्न हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें छत्तीसगढ़ी, सुआ, फिल्मी गाने, डांस प्रेरणादायक, स्कूल से संबंधित संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने मंच में विराज कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुतियों की सराहा की। उन्होंने छात्र-छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आर्थिक सामाजिक राजनीतिक एवं बौद्धिक विकास के लिए विषयों पर प्रकाश डाला और भविष्य में अच्छी पढ़ाई कर आगे उज्जवल भविष्य बनाने के लिए विशेष रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर दुर्गेश कौशिक, दुष्यंत, संजय सिंह राठौर, विद्यालयके प्राचार्य वीरभद्र सिंह पैकरा, संस्कृतिक खेल प्रभारी संजय कुमार साहू, जनपद सदस्य श्रीमती संतोषी अशोक पाटले, आरआर श्रीवास, लोकपाल कश्यप, राजेंद्र प्रसाद सारथी, कौशिक मैडम सहित अन्य शामिल रहे।

# सेजस मदनपुर में किया गया गणवेश का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



गणवेश वितरण के दौरान उपस्थित छात्र और शिक्षक।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मदनपुर में निःशुल्क गणवेश वितरण नीलेश यदु जनपद सदस्य के मुख्य आतिथ्य, कृष्णा यदु भाजपा मंडल अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य एवं पुष्पक साहू प्रभारी प्राचार्य की अध्यक्षता में गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम आगंतुक अतिथियों और स्टाफ के सदस्यों ने विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जया, नंदिनी,श्वेता और कामिनी ने सुरीले आवाज में सरस्वती वंदना का गायन किया। तत्पश्चात शाला नायक प्रियांशु ने बैज पहनाकर अतिथियों का सत्कार किया। आरती, जया और अनामिका ने स्वागत गीत से अतिथियों का मन मोह लिया। संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता विनोद जायसवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए यूनिफार्म के महत्व औऱ रखरखाव से छात्र-छात्राओं को रुबरू कराया। कृष्णा यदु ने अपने छात्र जीवन की कठिनाइयों को बताते हुए कहा कि हमारे समय मे पाठ्य पुस्तक, गणवेश और मध्यान्ह भोजन की सुविधा प्राप्त नही थी इन सबके लिए हमे काफी मशक्कत करनी पड़ती है। शासन की भावी योजनाओं के अंतर्गत अब 12वीं तक निःशुल्क पाठ्यपुस्तक सहित अन्य भावी योजनाओं को विस्तार से बताया। निःशुल्क गणवेश छात्रों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर कुमुदिनी राम, कमलेश्वरी साहू, कल्पना कुजुर, भोला अहीर, संचालन विनोद जायसवाल, प्राचार्य पुष्पक साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बालको ने किसान मेले में कृषकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



किसानों को सम्मानित करते बालको के अधिकारी।

बालको ने किसान दिवस के अवसर पर जामबहार और बेला गांव में किसान मेला आयोजन किया। आयोजित उत्सव में 32 गांवों के किसानों ने हिस्सा लिया। किसानों में नवाचार, सहयोग और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकारी निकायों, वित्तीय संस्थानों और कृषि क्षेत्रों के विभिन्न हितधारकों को एकजुट करते हुए बदलाव के लिए एकजुट किया गया। बालको ने कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, वन विभाग, भारतीय कृषि बीमा कंपनी, छत्तीसगढ़ नवकरणीय ऊर्जा विभाग, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के साथ अपने सहयोगी स्वयं सेवी संस्था एक्शन फॉर फ़ूड प्रोडक्शन के सहयोग से कार्यक्रम को आयोजित किया। कार्यक्रम में 339 किसानों ने चर्चा, कार्यशाला और प्रदर्शनों में हिस्सा लिया। उत्सव में विभिन्न गांव के 20 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। सम्मानित किसानों ने मोर जल मोर माटी परियोजना में अपनी भागीदारी के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य कर, कृषि क्षेत्र में विभिन्न प्रभावशाली नवाचार को अपनाया है। किसानों का सम्मान और समर्थन उनके उपलब्धियों के सराहने के साथ समुदाय के लिए प्रेरक साबित हुआ जिससे कृषि क्षेत्र में नवाचार और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला है। परियोजना 1200 एकड़ से अधिक भूमि के साथ 3700 किसानों तक अपनी पहुंच बना चुका है। 1000 से अधिक किसानों ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाया है जिससे उनकी औसत वार्षिक आय के साथ-साथ उत्पादन में वृद्धि हुई है। तकनीकी सहयोग से लागत में कमी आई है। किसान आधुनिक कृषि तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। इस परियोजना से युवा कृषि को मुख्य व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित हुए हैं। मोर जल मोर माटी पहल में लगभग 25 प्रतिशत लाभार्थी युवा किसान हैं। इस परियोजना से स्थानीय किसान अनेक शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### राजस्व अधिकारी सुनें...

समय अपने कार्यालय में बैठकर शासकीय कामकाज सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि निरीक्षण के दौरान शिकायत सामने आने पर संबंधित विभाग के माध्यम से संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में अविवादित, विवादित बंटवारा, सीमांकन, नामांतरण, नक्शा बटांकन, डायवर्सन, भू-अभिलेख, आधार सीडिंग, स्वामित्व, मसाहती ग्राम सहित अन्य प्रकरणों पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने राजस्व के प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार निर्धारित दिवस में अपने न्यायालय में बैठेंगे और नियत समय में आदेश पारित करेंगे। उन्होंने नोटिस तामिली में पारदर्शिता और प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश दिए।

## कोरबा मार्केट






## खबर संक्षेप



### भूविस्थापितों की समस्या से एचएमएस राष्ट्रीय महामंत्री को कराया अवगत

**कोरबा।** हिंद मजदूर सभा के 75वें स्थापना दिवस पर नागपुर (महाराष्ट्र) में विगत दिनों हुए तीन दिवसीय सम्मेलन में कोयला मजदूर पंचायत एचएमएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष गजेंद्र पाल सिंह तंवर भी शामिल हुए। गजेन्द्र पाल ने हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय महामंत्री हरभजन सिंह सिद्धू से मिलकर भू विस्थापितों की समस्या के समाधान और आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत मजदूरों पर हो रहे शोषण के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्री सिद्घू ने इस संबंध में अपना पूर्ण रूप से समर्थन देने की बात कही और उपरोक्त समस्या को लेकर लड़ाई और तेज करने को कहा।

### 50 से अधिक हाथियों का झुंड कर रहा है विचरण

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र में लगभग 50 से अधिक हाथियों का बसेरा है। जिसमें 8 हाथियों का झुंड पसान रेंज में है जबकि सबसे ज्यादा हाथियों का झुंड केंदई वन परिक्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं जबकि एतमानगर रेंज में कुछ हाथियों को झुंड लगातार विचरण कर रहा है। कटघोरा के केंदई, पसान व ऐतमानगर रेंज में ही सबसे अधिक हाथियों का उत्पात है। हाथियों के उत्पात को रोकने के लिए लगातार वन विभाग की टीम प्रयास कर रही है लेकिन कोई ठोस सफलता नहीं मिल पा रही है। जिससे ग्रामीणों की मुश्किल में लगातार बढ़ती ही जा रही है। हालांकि कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत के आने के बाद हाथियों के उत्पात में कुछ कमी जरूर आई है क्योंकि वह स्वयं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए विशेष पहल कर रहे हैं।

### महिला की संदिग्ध मौत जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुढ़ुनारा निवासी आत्माराम की 45 वर्षीय पत्नी मंगली बाई की एक दिन पूर्व तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया था। जहां मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। महिला की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### हत्या के मामले को सुलझाने में अहम भूमिका, सोनवानी हुए सम्मानित

**कोरबा।** पड़ोसी जिले जांजगीर-चांपा के पंतोरा में एक ऑटो चालक की सिर कुचलकर हत्या का मामला सामने आया था। हत्या के उक्त मामले को सुलझाने में अहम भूमिका निभाने वाले कोरबा के साइबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी को जिला जांजगीर- चांपा के पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। उल्लेखनीय है कि जांजगीर-चांपा के पंतोरा चौकी क्षेत्र में एक ऑटो चालक की हत्या हो गई थी। इस अंधे कत्ल की व्यक्ति को सुलझाने के लिए संभाग से पुलिस टीम बनाया गया था जिसमें कोरबा जिले के साइबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी को भी शामिल किया गया था। इस अंधेकत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुए आरोपियों को जेल भेजा। इसके बाद जिला जांजगीर-चांपा के पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने 8 जनवरी को उक्त मामले को सुलझाने में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें कोरबा के साइबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

### धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवासरत सोनू कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खेती किसानी का काम करता है। उसके बड़े भाई श्रवण कुमार के स्वामित्व के वाहन ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 12 बीसी 7133 को मय ट्राली के 6 सितम्बर 2023 को रजगामार निवासी हीरा लाल साहू पिता गणेश राम साहू प्रतिमाह 15 हजार रुपए किराया की दर से लेकर गया और किसी अन्य व्यक्ति के पास गिरवी रख दिया है और सोनू कुमार के ट्रेक्टर वाहन को नहीं दे रहा है। मामले में पुलिस ने हीरालाल के खिलाफ धारा 420, 406 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

जिले में 72 मसाहती ग्राम, चुनाव के पहले से बंद है सर्वे

# मसाहती ग्रामों के सर्वे अभियान की रफ्तार पर लगा ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर से लगे मसाहती ग्रामों का सर्वे कर नक्शे का हो चुका है प्रकाशन



मसाहती ग्राम। फाईल फोटो।

जिले के मसाहती ग्राम का सर्वे अभियान को एक बार फिर ग्रहण लगते नजर आ रहा है। पिछले लंबे समय से सर्वे नहीं होने से मसाहती ग्राम का सर्वे और नक्शों का प्रकाशन नहीं हो रहा है। अब तक शहर से लगे हुए ग्रामों का सर्वे कर नक्शे का प्रकाशन किए जाने से आसपास के शहरी ग्रामों में बसे स्थानीय निवासियों को नया खसरा नंबर आबंटित कर नया राजस्व रिकार्ड तैयार किया गया है। वहीं दूसरी ओर जिले के दूरस्थ मसाहती ग्रामीण अंचल का सर्वे होना अभी बाकी है।

जिले में कुल 72 मसाहती ग्राम है, जिनके सर्वे का अभियान राज्य बनने के बाद से ही जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय स्तर पर शुरू किया गया था। इसके लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों की टीम तैयार की गई थी, जिनके द्वारा सर्वे का कार्य शुरू किया गया था। भूअभिलेख विभाग के द्वारा कराए जाने वाले इस सर्वे अभियान में सबसे पहले शहर से लगे हुए मसाहती ग्राम जो नगर पालिक निगम के गठन होने के बाद वार्ड में बदल गए थे। ऐसे ग्रामों को प्राथमिकता से सर्वे सूची में शामिल किया गया और सर्वे कार्य की शुरूआत हुई। लंबे समय से चले सर्वे कार्य के तहत ग्राम दादर, खरमोरा, झगरहा, बरबसपुर, कुदरीखार, ढेलवाडीह, रामपुर आदि ग्रामों का सर्वे करने के साथ इन ग्रामों का नया खसरा नंबर भी तैयार किया गया और उसके बाद पूर्व में बसे गांव के मूल निवासियों का राजस्व रिकार्ड दुरूस्त भी किया गया। जिसके बाद से उनके वैधानिक दस्तावेज जमीने के तैयार किए जा सके। सर्वे के दौरान पुराने पहचान वाले स्थानों को सर्वे का आधार बनाया गया, जिसकी वजह से सही-सही सर्वे किया जा सका और वहीं लंबे समय से चल रहे जमीन विवादों के मामले जो धारा 89 के तहत एसडीएम न्यायालय में चल रहे थे उनका निराकरण भी नए राजस्व रिकार्ड के आधार पर किया गया, जबकि विवादित मामले राजस्व न्यायालय में लंबे समय से पड़े हुए थे। सर्वे के बाद ऐसे मामलों के निपटरारे में तेजी हा सकी और जमीनों का फर्जीवाड़ा रूक सका, किंतु जून 2023 के बाद से सर्वे कार्य बंद पड़ा हुआ है। जिस तरह से प्रगति सर्वे में होनी चाहिए थी वह नहीं हो सकी है।

**आईआईटी रूढ़की की टीम को मिला था काम**

भौतिक रूप से स्थल निरीक्षण करने के बाद अन्य मसाहती ग्रामों का सर्वे हेतु आईआईटी रूढ़की की टीम से अनुबंध किया गया और उक्त टीम के द्वारा सेटेलाईट के माध्यम से ग्राम भूलसीडीह से इसकी शुरूआत की गई। सेटेलाईट के माध्यम से मसाहती ग्रामों का सर्वे करने के पीछे प्रशासन का उद्देश्य यह था कि नक्शों का और स्थानीय व्यक्तियों द्वारा बताए गए उनके जमीनों का सही परीक्षण और सही दिशा ज्ञात की जा सके। सेटेलाइट सर्वे से कुछ ग्रामों का सर्वे पूर्ण कर लिया गया है। 72 में से लगभग 32 मसाहती ग्रामों का सर्वे कर नक्शे का प्रकाशन किया जा चुका है।

# शिक्षिका के सूने मकान में चोरों ने बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक शिक्षिका के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने स्वर्णाभूषण आभूषण सहित नगदी रकम की चोरी कर ली है। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची थी और चोरों के संबंध में पुलिस की टीम छानबीन में जुटी हुई है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की सुराग तलाशने में लगी हुई है। संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही पुलिस चोरों के गिरेबान तक पहुंच जाएगी।

**खास बातें**

- स्वर्ण आभूषण सहित नकद की हुई चोरी
- दर्री थाना क्षेत्र के एनटीपीसी कालोनी के यमुना विहार में हुई वारदात
- पुलिस के आला अधिकारियों सहित खोजी डॉग की टीम कर रही है मामले की जांच

मामला दर्री थाना क्षेत्र के एनटीपीसी कॉलोनी के यमुना विहार में घटित हुई है। यहां मकान नंबर ए-631 में निवासरत हेमा खान शिक्षिका के पद पर पदस्थ है। जबकि उनके पति अनीश खान अस्पताल में कर्मी के रूप में पदस्थ है। दोनों पति-पत्नी मंगलवार की सुबह अपने-अपने कार्यस्थल पर गए हुए थे जबकि उनके बच्चे स्कूल गए हुए थे। इस दौरान घर में ताला लगा हुआ था और इस बीच सूनेपन का फायदा उठाते हुए चोरों ने घर का ताला तोड़ दिया और घर में रखे स्वर्ण आभूषण सहित नगदी रकम की चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए हैं। बताया जाता है कि दोपहर लगभग 12 बजे शिक्षिका हेमा खान अपने स्कूल से घर पहुंची तो घर का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए और उसने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। चोरी की सूचना पाते ही दर्री नगर निरीक्षक और रूपक शर्मा दलबल सहित पहुंचे और वरिष्ठ अफसरों को इसकी सूचना दी गई और चोरों की धरपकड़ के लिए एफएसएल की टीम व खोजी डॉग बाघा की टीम को तलब किया गया। जहां डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस की टीम मामले की बारीकी से जांच पर जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों का सुराग जुटाने में लगी हुई है।

# मानवीय सेवा की दिशा में मारवाड़ी महिला समाज का प्रयास सराहनीय : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कैबिनेट मंत्री का स्वागत करती महिला सदस्य।

समाज की महिलाएं हर वर्ग में अग्रणी हैं। चाहे वो सरहद पर तैनात जवानों के लिए 67 लाख राखी भेजने की पहल हो या 8 हजार रक्तदान, 20 देहदान व 250 नेत्रदान जैसे अनुकरणीय सामाजिक सरोकार हों। सभी समाज वर्ग के लिए मारवाड़ी महिला समाज हमेशा तत्पर रहता है।

उक्त बातें टीपी नगर स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समाज के सप्तम प्रांतीय अधिवेशन के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कही। उन्होंने समाज की महिलाओं और बहनों को उनके द्वारा किए जा रहे मानवीय सेवा कार्य के लिए साधुवात दिया। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आपके सभी सामाजिक सरोकारों से शासन प्रशासन से भरपूर सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने मांग रखी की मंदिरों में शौचालय का निर्माण ज्यादा से ज्यादा किया जाय। इसपर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि इस दिशा में प्राथमिकता से काम कराया जाएगा। इस मौके पर समाजसेवी अशोक मोदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, युवा मोर्चा के महामंत्री नरेंद्र देवांगन, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र पाटनवार, पूर्व एल्डरमैन राधे यादव, शैलेंद्र यादव, संजय मानिकपुरी भी उपस्थित रहे। सम्मेलन अवसर पर सरोज सुनालियां ने समाज की गतिविधि के लिए भवन निर्माण की मांग रखी। इसपर मंत्री श्री लखन ने अपनी सहमति देते हुए कहा कि जगह चिन्हित करने के बाद शहर में एक सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण कराया जाएगा।

### नेहरू युवा केन्द्र ने करायी जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता

**कोरबा।** नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में मेरा भारत विकसित भारत 2047 विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक हरिशधर दीवान द्वारा शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में निर्णायक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (समाजशास्त्र) डॉ. तारा शर्मा, शासकीय पी.जी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक एवं अंतरराष्ट्रीय कवियत्री डॉ आशा आज़ाद, कुलदीप कुमार वैश्य सम्मिलित हुए एवं नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी शुभजीत डे एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सहायक प्राध्यापक एवं श्रीमती अमिता सक्सेना, डॉ श्रेणी दिवाकर,श्रीमती कल्याणी ध्रुव एवं अतिथि व्याख्याता श्रीमती लीना जायसवाल, वेद प्रकाश सोनी, कु डिंपल ठाकुर, रितिका सिंह एवं विभिन्न कॉलेजो से आये छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ऋषिकांत स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

**कोरबा।** ऋषिकांत स्मृति फुटबॉल टूरनामेंट का आयोजन एसईसीएल सेंट्रल वर्कशॉप मैदान में किया गया। कार्यक्रम के आयोजक यूथ फुटबॉल क्लब एसईसीएल द्वारा किया गया, जिसमें प्रदेश के 16 टीम ने भाग लिया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 7 जनवरी को किया गया एवं फ़ाइनल मैच में घुड़देवा और यूथ क्लब एफ़सी कोरबा के मध्य खेला गया। जिसमें घुड़देवा ने 2-0 से मैच जीतकार ट्राफ़ी अपने नाम किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज़िला जेल अधीक्षक विजय आनंद सिंह, विशिष्ट अतिथि अविनाश बंजारे प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य कराते संघ, राजेश पांडेय व्यायाम शिक्षक विद्युत गृह विद्यालय, देवेंदु घोष मौजूद थे।

# खरीदी को लेकर बनाए गए नियम से परेशान किसान बैठे धरने पर



धरने पर बैठे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम तिलकेजा स्थित धान खरीदी केंद्र में किसान धरने पर बैठ गए। किसानों ने खरीदी केंद्र प्रभारी पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि प्रभारी ने पांच किसानों के धान को यह कहकर लेने से मना कर दिया कि उनका धान अमानक है। इस संबंध में प्रभारी ने अपने ऊपर लगे आरोपों को नकार दिया। जानकारी के मुताबिक धान में नमी होने के साथ ही उसमें जड़ निकल आया है। लिहाजा प्रभारी ने धान लेने से मना कर दिया। इसके बाद किसान आक्रोशित हो गए और धान खरीदी केंद्र के गेट के बाहर धरने पर बैठ गए। किसानों ने प्रभारी पर दुर्व्यवहार करने के साथ ही पैसे मांगने का भी आरोप लगाया है।धान खरीदी केंद्र में एक किसान ने फड़ प्रभारी पर केंद्र में घुसने नहीं देने का आरोप भी लगाया। किसान ने बताया कि जब वह अपना धान लेकर अंदर घुसा तब गेट बंद कर दिया गया और उसके साथ धक्का-मुक्की की गई। धक्का-मुक्की में वह जमीन पर गिर गया, जिससे उसके हाथ के अंगूठे में चोट भी लगा है।

# खदानों से सुरक्षित कोयला उत्पादन और दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

वित्तीय वर्ष समाप्ति में अब तीन माह शेष रह गए हैं। इन तीन महीनों जनवरी, फरवरी और मार्च में कोयला उत्पादन और उठाव लक्ष्य को हासिल करने की चुनौती एसईसीएल समेत अन्य अनुषंगी कंपनियों के सामने है। ऐसी स्थिति में लक्ष्य हासिल करने सुरक्षा नियमों की अनदेखी ना की जाए। वित्तीय वर्ष में अब खदानों में कई हादसे हो चुके हैं। इसे लेकर खदानों से सुरक्षित कोयला उत्पादन बढ़ाने पर विचार मंथन किया गया।सीएमडी मीट में दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने पर चर्चा की गई।

कोल इंडिया सीएमडी मीट उदयपुर में हुई। अध्यक्षता कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद ने की। जिसमें एसईसीएल सहित सभी अनुषंगी कंपनियों के आला अधिकारियों की मौजूदगी रही। इसमें सुरक्षित कोयला उत्पादन बढ़ाने पर फोकस रहा। पिछले दिनों एसईसीएल समेत विभिन्न सहायक कंपनियों में हुई दुर्घटनाओं पर भी चर्चा की गयी। बैठक में कहा गया है कि देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए आने वाले समय में कोयले का उत्पादन बढ़ाना है। इसके लिए सुविधाएं भी बढ़ानी होगी। खनन अन्वेषण के लिए तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जोर देना होगा। अत्याधुनिक तकनीकी के इस्तेमाल से ही सुरक्षित कोयला उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। ताकि चालू वित्तीय वर्ष में कोल कंपनियां अपने लक्ष्य की प्राप्त कर सके। नये साल के लक्ष्य व एक बिलियन टन कोयला उत्पादन पर भी विस्तृत चर्चा की गयी। कोयला के सिक्यूरिटी के साथ-साथ लॉजिस्टिक पर भी जोर दिया गया। मीटिंग में कोल इंडिया के डीटी सह सीसीएल सीएमडी वी बीरा रेड्डी, एसइसीएल सीएमडी समेत अन्य कंपनियों के सीएमडी, डीटी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




बीएमएस उप प्रधान कार्यालय में सम्मेलन

# ठेका कर्मियों के सम्मेलन में गूंजा शोषण का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सम्मेलन को संबोधित करते श्रमिक नेता।

एसईसीएल के चारों एरिया के ठेका कामगारों का सम्मेलन जेपी कॉलोनी स्थित बीएमएस उपप्रधान कार्यालय में आयोजित किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने ठेका कामगारों के शोषण को लेकर अपनी-अपनी बात रखी। इस दिशा में आंदोलन व किए जा रहे प्रयास पर चर्चा की गई। अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह राठौर ने बताया कि नागपुर में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ की 108वीं कार्यसमिति बैठक में कोयला क्षेत्र में कार्यरत ठेका मजदूरों की समस्याओं को लेकर चर्चा व सुझाव उपरांत निर्णय लिए गए थे। इसके अनुसार ठेका कर्मियों का सम्मेलन आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कोलयांचल क्षेत्र में कार्यरत ठेका मजदूरों का शोषण हो रहा है। वर्तमान परिदृश्य में कोयला क्षेत्र में कार्यरत सभी ठेका मजदूरों को हाई पावर कमेटी में लिए गए निर्णय के अनुसार वेतन, सोशल सिक्योरिटी, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा उपकरण, वेतन स्लिप, सीएमपीएफ कटौती की जानकारी, बच्चों को अध्ययन हेतु स्कूलों में भर्ती, कंपनी के रिक्त आवासों में आवास आवंटन आदि तमाम सुविधाएं मिलनी चाहिए। संगठन महामंत्री अशोक कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि ठेका कर्मियों का सम्मेलन उनके हक व जिम्मेदारियों की जानकारी देने तथा उन पर हो रहे शोषण के खिलाफ कार्यवाही की मांग करेंगे। सम्मेलन में अश्वनी कुमार मिश्रा अध्यक्ष, अशोक कुमार सूर्यवंशी महामंत्री, नवरतन बरेठ जिला मंत्री, भारतीय मजदूर संघ के अलावा भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन, बिलासपुर के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

